प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिक समारोह कल्पनाकृति का आयोजन

पंतनगर। 15 मई 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय का वार्षिक समारोह ''कल्पनाकृति'' होम साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलसचिव डा. दीपा विनय; क्लस्टर हेड हंटमाल्ड इंडिया लिमिटेड डा. अनीत कुमार सिंह तथा अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान डा. अल्का गोयल द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा वंदना से की गई। इसके पश्चात भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए राधा–कृष्ण के प्रेम की मनमोहक छवि को दर्शाया गया। इसके अलावा लावणी, भांगड़ा, हिमंचली, वेस्टर्न डांस के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण पर माइम भी प्रस्तुत किए गए। होम साइंस सोसाइटी के समन्वयक टी.ए. खस्तगीर एवं सह समन्वयक डा. दिव्या सिंह ने सोसाइटी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने कार्यक्रम की रचना तथा प्रस्तुति की भरपूर प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय एवं विशिष्ठ अतिथि डा. अनीत कुमार सिंह ने समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की। समारोह के अंत में डा. अल्का गोयल, अधिष्ठात्री सामूदायिक विज्ञान महाविद्यालय ने छात्र–छात्राओं को धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सभी सदस्यों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।





*1–2 कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते*